# आपके समुदाय में निर्माण-कार्य से जुड़े प्रभावों का प्रबंध करना

## शोर-शराबा, कंपन और यातायात

हम पूरे NSW में सरकारी स्कूलों में सर्वश्रेष्ठ शिक्षण वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि युवाओं को उनके सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और शिक्षण प्रदान किया जाए। हम नए और अपग्रेड किए गए स्कूलों में एक रिकॉर्ड स्तर का निवेश कर रहे हैं और हम स्वीकार करते हैं कि यह काम कई तरह के प्रभाव पैदा कर सकता है, जैसे कि:

**उपकरणों और मशीनों से होने वाला शोर**

**तोड़-फोड़, खुदाई और ड्रिलिंग से होने वाला कंपन**

**तोड़-फोड़ और ड्रिलिंग से पैदा होने वाली धूल**

**यातायात में वृद्धि या स्थानीय सड़कों पर यातायात की स्थितियों में परिवर्तन**

हमारा उद्देश्य निम्नलिखित तरीकों से निर्माण-कार्य से जुड़े प्रभावों को कम करना है:

**काम के शुरू होने से पहले निर्माण-कार्य के लिए तैयारी करना**

**पड़ोसियों या दूसरों के साथ बातचीत करना जो सम्भवत: कार्यों से प्रभावित हो सकते हैं**

**यदि संभव हो तो प्रभावों को कम करने के लिए निर्माण-कार्यों को पूरा करने के तरीके का प्रबंध करना**

## काम के शुरू होने से पहले निर्माण-कार्य के लिए योजना बनाना

हम निर्माण-कार्य और पर्यावरण प्रबंधन योजनाओं सहित विभिन्न योजनाएं तैयार करते हैं। ये योजनाएँ दर्शाती हैं कि हम अपनी साइट (स्थल) पर होने वाले निर्माण-कार्य से जुड़े प्रभावों का प्रबंधन कैसे करेंगे।

प्रत्येक निर्माण-कार्य स्थल अलग-अलग होता है और हम प्रत्येक परियोजना के अनुरूप विभिन्न निर्माण दृष्टिकोणों का उपयोग करते हैं। इसके परिणामस्वरूप, प्रत्येक परियोजना के प्रभावों को प्रबंधित करने की हमारी योजनाएँ अलग-अलग होंगी। हम उन निवासियों और व्यवसायों पर भी विचार करते हैं जो हमारी योजनाओं को विकसित करते समय प्रत्येक परियोजना से प्रभावित हो सकते हैं।

हमारी नियोजन विधि में शामिल है:

- उन लोगों की पहचान करना जो निर्माण-कार्य से होने वाले शोर और कंपन को सुन या महसूस कर सकते हैं या इस काम से प्रभावित हो सकते हैं
- परियोजना के लिए वैधानिक और नियामक शर्तों और आवश्यकताओं को अपनाना। ये हमें हमारी साइट (स्थल) का संचालन करते समय पालन करने के लिए नियमों का एक वर्ग प्रदान करते हैं
- हमारे द्वारा साइट (स्थल) पर किए जाने वाले शोर और कंपन के प्रभाव को कम करने के तरीकों की पहचान करना
- साइट (स्थल) में प्रवेश करने और इससे बाहर निकलने के लिए निर्माण-कार्य से जुड़े यातायात के लिए सबसे सुरक्षित मार्गों की पहचान करना
- हमारे पड़ोसियों के लिए उनकी अपनी संपत्तियों तक आने और जाने के लिए सुरक्षित पहुंच का प्रबंध करना
- साइट पर और उसके आस-पास, दोनों जगह पार्किंग की योजना बनाना
- साइट पर धूल का नियंत्रण करने के लिए उपाय निर्धारित करना

# निर्माण-कार्य के दौरान इमारत साइट (स्थल) पर पड़ने वाले प्रभावों का प्रबंध करना

## हमारे स्थानीय समुदाय पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करना

निर्माण-कार्य बाधाकारी हो सकता है और हम इस महत्वपूर्ण स्कूल परियोजना को प्रदान करते समय आपके धैर्य के लिए धन्यवाद देते हैं।

ऐसे कई तरीके हैं जिनसे हम निर्माण-कार्य से होने वाले शोर और कंपन के प्रभाव को कम कर सकते हैं। हमारे द्वारा उपयोग किए जाने वाले उपाय प्रत्येक परियोजना के लिए भिन्न होते हैं, लेकिन इसमें शामिल हो सकते हैं:

- शोर करने वाले उपकरणों को कक्षाओं और घरों से दूर स्थापित करना
- उपकरण को इसके काम करने वाली अच्छी हालात में रखने के लिए बनाए रखना
- बहुत शोर करने वाले उपकरणों और औजारों पर शोरगुल नियंत्रण स्थापित करना
- शोर करने वाले कार्यों को कम संवेदनशील अवधियों के लिए समय-नियुक्त करना
- बहुत शोर करने वाले निर्माण-कार्य की समय-नियुक्ति स्कूली परीक्षा की अवधियों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्कूली समारोहों के बाहर करना
- निर्माण-कार्य के घंटों के दौरान उच्च स्तर पर शोर करने वाली गतिविधियों में विराम अवधियाँ शामिल करना

हम स्थानीय समुदाय पर पड़ने वाले प्रभावों का प्रबंधन करने के लिए निर्माण-कार्य करने वाले ठेकेदारों के साथ काम करते हैं। हम काम के प्रभाव को कम करने के लिए उनके समर्थन की अपेक्षा करते हैं:

- हमारे अनुबंधों में ऐसी शर्तों शामिल करना जिनका उन्हें पालन करना होगा
- साइट के नियमों की याद दिलाने के लिए निर्माण-कार्य करने वाले श्रमिकों के साथ साइट वार्ता आयोजित करना
- श्रमिकों को यह याद दिलाने के लिए साइट के चारों ओर संकेत-चिन्ह लगाना कि वे साइट पर शोर को कैसे कम कर सकते हैं

हम निर्माण-कार्य के आधुनिक तरीकों (एमएमसी) की शुरुआत कर रहे हैं जो निर्माण-कार्य से होने वाले शोर और व्यवधान को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसमें एक कारखाने में इमारत के भागों का निर्माण करना और फिर उन्हें असेंबल करने के लिए साइट पर ले जाना शामिल है। एमएमसी परियोजनाओं पर, इसका अर्थ है कम शोर, कम धूल, कम यातायात और कम व्यवधान।

## निर्माण-कार्य के घंटे

कभी-कभी हमें सामान्य कामकाजी घंटों के अलावा काम करने की ज़रूरत पड़ती है। कामकाजी घंटों के अलावा किए जाने वाले कार्य में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- बड़े आकार के ट्रकों को साइट पर बड़ी डिलीवरी करने की अनुमति देने के लिए सड़क बंद करना
- टेलीफोन, पानी, बिजली या सीवरेज के लिए पाइप और केबल को स्थानांतरित करना
- साइट पर आपातकालीन काम।

निर्माण-कार्य के सामान्य कामकाजी घंटे हैं:

- सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे, सोमवार से शुक्रवार
- सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक, शनिवार
- रविवार या सरकारी छुट्टियों में कोई काम नहीं।

## हमारे निर्माण-कार्य के बारे में आपको बताना

निर्माण-कार्य के दौरान, बाधाकारी कार्य शुरू होने से पहले हम अपने पड़ोसियों को सूचित करेंगे। हम आपको इसके बारे में बताएंगे:

- हम काम कब शुरू और समाप्त करने की उम्मीद करते हैं
- हम साइट पर किस प्रकार के काम करेंगे
- काम पर किस प्रकार की बाधाओं की उम्मीद करें
- काम के बारे में आपके सवालों या शिकायतों के साथ हमसे संपर्क करने के लिए एक फोन नम्बर।

यदि हमें अप्रत्याशित काम के घंटों के अलावा काम करने की ज़रूरत पड़ेगी, तो हम इसके बाद जितनी जल्दी संभव होगा, इससे जुड़े कारणों का विवरण देंगे।

स्कूल के बुनियादी ढांचों से जुड़ी NSW की परियोजनाओं के बारे में और अधिक जानकारी आप हमारी वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते/सकती हैं। schoolinfrastructure.nsw.gov.au पर जाएँ और हमारे सर्च बार में स्कूल का नाम एंटर करें।

**अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा** के लिए, **131 450** पर फोन करें और उन्हें शिक्षा विभाग – School Infrastructure NSW को **1300 482 651** पर फोन करने के लिए कहें।

**निर्माण-कार्य से जुड़े प्रभावों को हम कैसे प्रबंधित करते हैं, इस बारे में अधिक जानकारी के लिए हमसे संपर्क करें:**

ई-मेल: schoolinfrastructure@det.nsw.edu.au
फोन: 1300 482 651



NSW GOVERNMENT